प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 03.11.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रदेश में एसआईआर के तहत कल से घर—घर गणना चरण की होगी शुरुआत—बीएलओ मतदाता परिचय पत्र का सत्यापन करेंगे।

- प्रदेश के स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, नवाचार और वैश्विक बाजारों तक पहुंच दिलाने के उद्देश्य से कल रायपुर में होगा छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट।

- तय समय के भीतर मकान और फ्लैट का आधिपत्य नहीं मिलने पर खरीददार, बिल्डर के खिलाफ रेरा में कर सकते हैं शिकायत।

- पांच नवंबर को नवा रायपुर में आयोजित सूर्यकिरण एयर शो में छत्तीसगढ़ के गौरव पटेल भी होंगे शामिल—नौ फाईटर विमान, आसमान में दिखाएंगे हवाई करतब।

<u>एसआईआर—बीएलओ गणना</u>

प्रदेश में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत कल चार नवंबर से घर—घर गणना चरण की शुरुआत होगी। इस प्रक्रिया में बीएलओ घर—घर जाकर मतदाता परिचय पत्र का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि राज्य में जिनका नाम साल दो हजार तीन के एसआईआर में हैं, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। केवल पांच से छह प्रतिशत मतदाताओं को ही दस्तावेज देने की जरूरत होगी। उन्होंने बताया कि असुविधा होने पर बीएलओ मतदाता हेल्पलाइन नंबर एक—नौ—पांच शून्य पर कॉल रिक्वेस्ट के माध्यम से मदद ली जा सकती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यदि गणना प्रपत्र में दिए गए पिछले एसआईआर निर्वाचन नामावली के विवरण उपलब्ध नहीं है या डेटा बेस से मेल नहीं खाता है, तो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे। नोटिस प्राप्त होने के बाद मतदाताओं को तेरह दस्तावेजों जैसे – पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, अस्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज जमा करने होंगे।

छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट

राज्य के स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने के साथ–साथ उसे राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से कल चार नवंबर को रायपुर में छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट का आयोजन किया जाएगा। वाणिज्य और उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में निवेशक, उद्योग जगत के विशेषज्ञ और युवा उद्यमी शाामिल होंगे। आयोजन में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया जैसे राष्ट्रीय संस्थान भी भाग लेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी समझौते भी किए जाएंगे ताकि छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, नवाचार और वैश्विक बाजारों तक पहुंच मिल सके।

रेरा–परियोजना स्पष्टीकरण

छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण–रेरा ने घर खरीदारों के हित में महत्वपूर्ण जानकारी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी परियोजना की विस्तार अवधि और आधिपत्य तिथि दोनों में अंतर होता है। रेरा ने कहा है कि परियोजना की अवधि बढ़ाए जाने का अर्थ यह नहीं है कि खरीदार को संपत्ति देने की निर्धारित तिथि भी बढ़ गई है।

प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि परियोजना की आधिपत्य तिथि वह होती है जो खरीदार और बिल्डर के बीच हुए बिक्री अनुबंध पत्र में स्पष्ट रूप से लिखी जाती है। यह वह दिन होता है जब खरीदार को फ्लैट या प्लॉट का वास्तविक कब्जा सौंपा जाना है।

रेरा ने बताया कि यदि प्रमोटर तय तिथि पर आधिपत्य नहीं देता, तो खरीदार रेरा में शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

राज्यपाल–राज्योत्सव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव का आज तीसरा दिन है। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के कार्यक्रम में दूसरे दिन कल राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह रजत जयंती वर्ष बीते हुए सफर को याद करने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बिजली, सड़कों और संस्कृति सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ अब नक्सलमुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिन इलाकों में कभी डर और हिंसा थी, वहां आज सड़कों का निर्माण हो रहा है, स्कूल खुल रहे हैं और बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट है।

राज्योत्सव में कल प्रख्यात गायक आदित्य नारायण और पद्मश्री डोमार सिंह सहित अन्य कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

तीजन बाई–एम्स

अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका और पद्म विभूषण तीजन बाई को रुटीन चेकअप के लिए रायपुर एम्स में भर्ती किया गया है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले रायपुर आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर तीजन बाई से उनके स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की थी। इसके बाद सरकार की ओर से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स में एडमिट कराया गया है।

वायुसेना–एयर शो

भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम नवा रायपुर में पांच नवंबर को सुबह दस बजे से बारह बजे तक एयर शो करेगी। नौ फाईटर विमानों के साथ सूर्यकिरण टीम बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट–इन–द–स्काई' और 'एरोहेड' जैसे हवाई करतब दिखाएगी। इस बार यह एरोबैटिक शो इसलिए भी खास होगा, क्योंकि टीम में शामिल स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल छत्तीसगढ़ के हैं। इस शो के बारे में और अधिक जानकारी देने के लिए सूर्यकिरण की टीम ने आज रायपुर में मीडिया से चर्चा की।

स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल ने बताया कि वे महासमुंद जिले के पिथौरा के रहने वाले हैं और अब तक सूर्यकिरण की टीम देश और दुनिया में सात सौ से अधिक शो कर चुकी है।

वहीं, सूर्यकिरण की टीम में शामिल फ्लाईट लेफ्टिनेंट कंवल संधु ने बताया कि इस शो के जरिए भारतीय सेना का शौर्य और साहस दिखाया जाएगा। जो यह संदेश देगा कि अनुशासन, तकनीक और टीमवर्क से हर कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

टीम की ओर से कल चार नवम्बर को शो का पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

<u>जिला स्तरीय–राज्योत्सव</u>

वहीं, बिलासपुर में जिला स्तरीय राज्योत्सव में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास के सभी आयामों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। उन्होंने केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए उपलब्धियां गिनाई। श्री साहू ने कहा कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहर, अब स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आधुनिक शहरी विकास के प्रतीक बन चुके हैं।

रायगढ़ में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह रजत जयंती वर्ष प्रदेश की विकास यात्रा का प्रतीक है। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य निर्माण से पहले छत्तीसगढ़ की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

इधर, दुर्ग में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों और गरीबों के हित में देश का पहला खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया, जो आगे चलकर पूरे देश के लिए एक मॉडल बना।

इसी तरह, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में मोहला में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आमजनों से अपील की, कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण का भी संकल्प लें।

उधर, बलौदाबाजार में जिला स्तरीय राज्योत्सव के शुभारंभ समारोह में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद थे। इस मौके पर महिला और बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त दो सौ पच्चीस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त साठ ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

<u>राज्योत्सव–जिला स्तरीय–02</u>

वहीं, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान श्रीमती राजवाड़े ने आयोजन स्थल पर महिला उद्यमिता, पोषण कार्यक्रम, हस्तशिल्प, कृषि और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में कारगर बताया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय उत्पादों को बाजार मिल रहा है।

<u>महिला विश्व कप–विजेता</u>

देश की बेटियों ने क्रिकेट में इतिहास रचा है। कल रात नवी मुंबई में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को बावन रन से हरा कर पहली बार विश्व कप जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर दो सौ अंठानवे रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम दो सौ छियालीस रन ही बना सकी। शेफाली वर्मा ने शानदार सत्यासी रन बनाये और दो विकेट भी लिये। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। फाइनल में पांच विकेट लेने वाली और पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्वविजेता बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस जीत को पूरे भारत के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ भी सहभागी रहा है। उन्होंने बताया कि कवर्धा जिले की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी ने बतौर फिजियोथैरेपिस्ट और स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट, भारतीय टीम का हिस्सा बनकर खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और प्रदर्शन को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाई है।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय दुर्ग में प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ किया।

- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में अंबिकापुर में तेरह नवंबर को "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया जाएगा। यह मार्च राम मंदिर से शुरू होकर मल्टीपरपज स्कूल और शासकीय विद्यालय असोला होते हुए परसा में संपन्न होगी।

<><><><><><>